कानपुर आज गुरुवार 25 जुलाई, 2024 सौर 9

स्टेशन पर जल्द एक फैसिलिटेशन सेंटर शुरू होगा

(आज समाचार सेवा)

कानपुर, 24 जुलाई। कानपुर स्टेशन पर जल्दी एक फैसिलिटेशन सेंटर शुरू किया जायेगा। जिसमें यात्रियों से जुड़ी सभी सुविधाएं एक ही काउंटर पर उपलब्ध हो जायेंगी और कोई भी यात्री कानपुर रेलवे स्टेशन पर आकर परेशान नहीं होगा। यह जानकारी कानपुर सेंट्रल के स्टेशन अधीक्षक अनिल तिवारी ने कानपुर सेंट्रल रेलवे सलाहकार समिति की बैठक में दी। बैठक की अध्यक्षता उप मुख्य यातायात प्रबंधक कानपुर आशुतोष सिंह ने की। बैठक में रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य तथा फीटा उद्योग संघ के महासचिव उमंग अग्रवाल ने स्टेशन की बाउंड्री से लगे कई मार्गों पर कोई भी सुरक्षा कर्मी तैनात नहीं होने पर अराजक तत्व के द्वारा कोई भी नकारात्मक घटना घटित होने को आगाह किया और सुरक्षा चाक चौबंद मजबूत करने का सुझाव दिया। मर्चेन्ट चैंबर ऑफ उत्तर प्रदेश के सचिव महेंद्र नाथ मोदी ने कहा कि प्लेटफार्म नम्बर 3 व 4 पर उनके सहयोग से पिलर प्लांट लगाये गये हैं और शीघ्र अन्य प्लेटफार्म पर भी लगाये जायेंगे। उन्होंने यह मांग की रेलवे स्टेशन पर बैठने की जो बेंच लगी हैं, उन पर महिलाओं, वरिष्ठजनों, विकलांगों के लिए अलग से आरक्षित हो।

बैठक करते समिति के सदस्य और रेलवे अधिकारी।

● रेलवे स्टेशन की सुरक्षा चाक चौबंद करने का दिया सुझाव

कानपुर, 25 जुलाई, 2024 दैनिक जागरण 7

सेंट्रल के प्रवेश द्वारों पर बढ़े सुरक्षा; जाम से मिले मुक्ति'

सेंट्रल स्टेशन सलाहकार समिति की बैठक में अफसरों को गिनाई गईं यात्रियों को होने वाली समस्याएं

जासं, कानपुर : सेंट्रल स्टेशन के प्रवेश द्वारों पर सुरक्षा बढ़े। सीपीसी माल गोदाम से निकलने वाले ट्रकों के कारण घंटाघर तक जाम से मुक्ति मिले। प्लेटफार्म संख्या तीन व चार पर लगाए गए पिलर प्लांट अन्य प्लेटफार्मों पर भी जल्द लगेंगे। बैठने को लगी बेंच पर महिला, वरिष्ठजन व दिव्यांग के लिए आरक्षण भी लिखा जाए, इससे उन्हें सामान्य यात्रियों के स्थान पर प्राथमिकता से सुविधा मिलेगी। टाटमिल चौराहा से घंटाघर जाने वाली सड़क के पुराने पुल की मरम्मत कराएं। ये सुझाव मर्चेंट्स चैंबर आफ कामर्स के सचिव महेंद्र मोदी ने सेंट्रल स्टेशन सलाहकार समिति की बैठक में अफसरों के आगे रखे। कहा, मालगोदाम में पेयजल समस्या दूर करें।

उप मुख्य यातायात प्रबंधक कानपुर सेंट्रल आशुतोष सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में फीटा उद्योग संघ के महासचिव उमंग अग्रवाल ने स्टेशन की बाउंड्री से सटे मार्गों में सुरक्षा बढ़ाने, यात्रियों की सुविधा के लिए बैटरी चलित गाड़ी की संख्या कम से कम 10 करने व उनके मोबाइल फोन नंबर भी प्लेटफार्मों पर प्रदर्शित किए जाने की बात कही। कहा कि एयरपोर्ट की तर्ज पर यात्री को ट्राली से सामान ले जाने की सुविधा मिले, भले रेलवे कुछ शुल्क ले ले। स्वचालित सीढ़ी व लिफ्ट के अक्सर बंद रहने का मुद्दा भी उठा। कैंट साइड क्षतिग्रस्त स्टेशन पहुंच मार्ग निर्माण की मांग फिर उठी। घंटाघर प्रवेश द्वार पर सुरक्षा बढ़ाने पर जोर दिया गया।

स्टेशन अधीक्षक अनिल तिवारी ने बताया, जल्द ही यात्री सुविधा सेंटर शुरू होगा। वाणिज्य निरीक्षक विजय शर्मा ने और सुविधाएं बढ़ाने की बात कही। समिति सदस्य अंगद सिंह, सहायक वाणिज्य प्रबंधक संतोष त्रिपाठी उपस्थित रहे।

दैनिक कानपुर उजाला कानपुर, 25 जुलाई , 2024

रेलवे सलाहकार समिति की बैठक में सदस्यों ने दिए सुझाव

दैनिक कानपुर उजाला

कानपुर। रेलवे सलाहकार समिति की बैठक उप मुख्य यातायात प्रबंधक आशुतोष सिंघ की अध्यक्षता में सेंट्रल स्टेशन के सभागार में हुई। रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य तथा फीटा उद्योग संघ के महासचिव उमंग अग्रवाल द्वारा स्टेशन की बाउंड्री से लगे कई मार्गों पर कोई भी सुरक्षा कर्मी तैनात न होने पर यात्रियों, रेलगाड़ियों और रेलवे स्टेशन पर किसी समाज विरोधी या अराजक तत्व के द्वारा कोई भी नकारात्मक घटना घटित होने को आगा किया और सुरक्षा चाक चौबंद मजबूत करने का सुझाव दिया। उमंग ने कहा कि रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए गोल्फ कार्ट की संख्या कम से कम 10 की जाए और उनके संपर्क मोबाइल के नंबर प्रमुखता से सभी प्लेटफार्म पर तथा आने जाने वाले दरवाजा व मार्ग पर प्रदर्शित किए जाएं जिससे कि यात्रियों को तत्काल उन्हें संपर्क कर बुलाने की सुविधा मिले। उमंग ने यह भी कहा की एयरपोर्ट की तर्ज पर यात्री को ट्राली से अपना सामान लाने वाले जाने की सुविधा उपलब्ध हो भले ही रेलवे उसके लिए कुछ सांकेतिक शुल्क ले ले। रेलवे स्टेशन पर अक्सर स्वचालित सीढ़ियां व लिफ्ट बंद हो जाती है जिससे वृद्धजनों, महिलाओं, बीमारों और बच्चों को काफी कठिनाई होती है। ऐसा कई बार अराजक तत्वों द्वारा जानबूझकर भी किया जाता है जिसे रोकना आवश्यक है। रेलवे स्टेशन के पहुंच मार्ग के अत्यधिक क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण और सुविधा होने की बात कही और शीघ्र ही मार्ग को बनवाने को कहा। उमंग ने ये भी कहा की घंटाघर के प्रवेश द्वार के आस पास कुछ अवैध आराजक तत्व यात्रियों का सामान उठने और पहुंचाने का प्रयास करते हैं जो की सुरक्षित नहीं है। सभी सदस्यों द्वारा स्टेशन के विकास कार्यों को गति देने पर बल दिया ग। अनिल तिवारी स्टेशन अधीक्षक कानपुर सेंट्रल द्वारा स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओ के बाबत सभी सदस्यों को जानकारी प्रदान की गयी व उनके द्वारा कहा गया कि जल्दी एक फैसिलिटेशन सेंटर यहां शुरू होगा जिसमें समस्त सुविधा यात्रियों को एक ही काउंटर पर उपलब्ध हो जाएगी और कोई भी यात्री कानपुर रेलवे स्टेशन पर आकर परेशान नहीं होगा।

राष्ट्रीय सहारा
कानपुर • बृहस्पतिवार • 25 जुलाई • 2024

सेंट्रल के विकास कार्यों की गति पर जोर

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

कानपुर।

स्टेशन विकास समिति की बैठक में मौजूद सदस्य। फोटो : एसएनबी

उप मुख्य यातायात प्रबंधक आशुतोष सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर स्टेशन सलाहकार समिति (एससीसी) की बैठक मीटिंग हॉल कानपुर सेंट्रल पर आयोजित की गयी।

स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्यों द्वारा स्टेशन के विकास कार्यों को गति देने पर बल दिया गया। स्टेशन का सामान्य परिचय एवं स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं की जानकारी अनिल तिवारी स्टेशन अधीक्षक द्वारा दी गई। सदस्यों से स्टेशन पर यात्री सुविधाओं को और ज्यादा बेहतर बनाये जाने के सम्बन्ध में चर्चा की। सदस्यों द्वारा सुझाव दिया गया कि स्टेशन कैंट साइड के रोड का अनुरक्षण आवश्यक है। साथ ही स्टेशन के प्रवेश द्वारों पर सुरक्षा बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। एयरपोर्ट की तर्ज पर यात्रियों के लिए नयी ट्रॉली सेवा प्रारंभ करने के भी सुझाव सदस्यों द्वारा प्रदान किए गए।

स्टेशन सलाहकार समिति की बैठक

बैठक में महेंद्र मोदी, सचिव मर्चेन्ट्स चैम्बर, उ[illegible] अग्रवाल अध्यक्ष (फीटा), शहर के शिक्षाविद अंगद सि[illegible] आदि सदस्य मौजूद रहे। बैठक के अंत में संतोष त्रि[illegible] सहायक वाणिज्य प्रबंधक कानपुर द्वारा सभी को धन्य[illegible] ज्ञापित किया गया।

अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, गुरुवार, 25 जुलाई 2024

स्टेशन पर गोल्फ कार्ट की संख्या और सुरक्षा बढ़ाई जाए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

स्टेशन सलाहकार समिति की बैठक हुई। अमृत विचार

● स्टेशन अधीक्षक ने कहा, जल्द चालू होगा फैसिलिटेशन सेंटर

अमृत विचार। स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ गोल्फ कार्ट की संख्या बढ़ाई जाए। [illegible]

उप मुख्य यातायात प्रबंधक [illegible]

[illegible] सिंह भी मौजूद रहे।